





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 8 • अंक 103 • 31 जनवरी, 2014 • मूल्य : 150/- वार्षिक



रोहतक (हरियाणा) में माली सैनी समाज की प्रथम लॉ कालेज

# जयपुर में सावित्री बाई फूले जयंति समारोह की झलकियां...












RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 8 ● अंक 103 ● जनवरी - 2014 ● मूल्य : 150/- वार्षिक

**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
( पूर्व पार्षद )

**प्रेस फोटोग्राफर**
**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**
**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**
**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

**आवरण कथा**

देश भर में हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई
भारत की प्रथम महिला शिक्षिका
**सावित्री बाई फुले**
की 184वीं जयंति

अजमेर में सैनी कोचिंग सैंटर का शुभारंभ
समाज सेवी श्री रावतमल सैनी के निधन पर शोक की लहर
सैनी परिवार ने मृत्यु भोजन का किया बहिष्कार
माली जाति को टिकट नहीं मिला
तो रणनीति जय करेगा समाज
परिचय नव निर्वाचित विधायक
एक शाम गुरू भगवती मां के नाम भजन संध्या मं देर रात तक झूमें श्रद्धालु
श्री प्रभुलाल सैनी के केबिनेट मंत्री पर बननें पर
समाज में खुशी की लहर
उज्जैन में आयोजित परिचय समेल्लन में 200 युवक युवतियों ने दिया परिचय
सावित्री बाई फुले की 184वीं जंयति पर शतः शतः नमन
महासभा ने किया पंचायतों के अध्यक्षों को सम्मानित
विविध समाचार

# सम्पादक की कलम से ...



## अखिल भारतीय स्तर पर समाज संगठन की कड़ी से कड़ी जुड़े

समाज के समय-सापेक्ष विकास में संगठन की महत्ती भूमिका है। हमारे समाज के बारे में यह तथ्य सर्वविदित है कि हम अखिल भारतीय स्तर तो क्या प्रदेश एवं शंहर के स्तर पर भी संगठित नहीं है। विभिन्न स्तरों पर समाज के अनेकों संगठन है। लेकिन उनमें से कुछ ही है जो सही में समाज के विकास एवं व्याप्त समस्याओं, कुरीतियों एवं शिक्षा के प्रति जागरूक है।

अधिकतर संगठन एवं संस्थाऐं समाज हित के वृहद्ध परिप्रेक्ष्य में नहीं अपितु अपने अपने निहित स्वार्थों में संलिप्त प्रतीत होते है। राष्ट्रीय स्तर पर गठित समाज के संगठन को सुदृढ़तर बनाकर एवं इसके अस्तित्व को संपूर्ण भारत में व्याप्त समाज के घर घर पहुंचाने की आवश्यकता है। समिति दायरों का औचित्य उस जमाने मेंथा, जब सम्पर्क सूत्र अत्यन्त क्षीण थे, संचार - आवागमन अत्यन्त कठिन एवं सामूहिक हित की भावना गौण थी। अब समय बदल रहा है, हितों की व्याख्या परिवर्तित हुई है। राजनीतिक, प्रशासनिक, आर्थिक, आदि मोर्चो पर समाज की एकता की अत्यन्त आवश्यकता है। अत: यह आवश्यक हो गया है कि हम समाज में विद्यमान छोटे-छोटे दायरों से बाहर निकलकर अखिल भारतीय स्तर के संगठन की सोच में शामिल हों। परंतु सवाल यह है कि यह कार्य कैसे हो ? कार्य अत्यन्त कठिन है पर कार्य योजना के द्वारा इसे धीरे-धीरे सुगम बनाया जा सकता है।

इसके लिए महासभा के प्रबुद्ध पदाधिकारियों को सकारात्मक सोच के साथ समय एवं चिंतन की सहभागिता प्रदान करनी होगी। प्रत्येक समाज - समूह, पट्‌टी आदि से ऐसे विचारवान लोगों को महासभा से संबद्ध करना होगा जो स्थानीय समाज व अखिल भारतीय संगठन के बीच कड़ी का काम कर सके। यह प्रारंभिक कार्य संपन्न होने के बाद अखिल भारतीय स्तर पर होने वाले समाज हित के निर्णयों का स्थानीय धरातल पर उतारने के प्रयास करने होंगे। प्रश्न यह उठता है, इसकी क्या आवश्यकता है? जवाब सीधा सा है- संकीर्णता, दकियानसी विचार, आपसी स्वार्थ आदि से उपर उठकर सर्वहित चिंतन करना। इससे केवल निर्णयों में ज्यादा सकारात्मकता आयेगी। अपितु स्थानीय स्तर के विचारवान लोगों के चिंतन को, विचार को एवं कार्य को एक मंच मिलेगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर हुए निर्णयों को प्रभाव भी व्यापक बन पाएगा।

परंतु इसके लिए सत्यप्रयासों की जरूरत होगी। हमें मिल बैठकर एक कार्य योजना बनानी होगी। महासभा से जुड़ाव को सुगम बनाना होगा। बेहतर होगा - महासभा के संगठन आदि के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्रदान की जावे। इसके संगठन, नियम, कार्य योजना, सदस्यता व भूमिका के बारे में लोग नहीं जानते है इसे सर्व सुलभ बनाया जाए तो जुड़ाव की प्रक्रिया सहज हो पाएगी। आइए - हम सब इस पुनीत कार्य के सहभागी बनें।

**जय माली सैनी समाज**



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

# देश भर में हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले 184वीं की जयंति

भरतपुर 3 जनवरी 2014 को हनुमान मन्दिर सूरज पोल भरतपुर में माँ सवित्री फूले ज्योतिबा राव फूले नवयुवक समिति द्वारा माँ सावित्री बाई फूले का 18 वाँ जन्म दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया गया जिसकी अध्यक्षता प्रोपर्टी डीलर उदय सिंह सैनी ने की एवं मुख्य अतिथि श्री किशन सिंह व्याख्याता थे। मुख्य अतिथि ने सावित्री बाई फूले के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि उस समय नारियों के युवावस्था में विधवा होते पर उसका जीवन नासदी पूर्ण होता था उसके बाल काट काट दिये जाते थे। कही-2 उसे जवरन चिता में पति के संग जिन्दा जला दिय जाता था। नारियों को शिक्षा का अधिकार नहीं था। उस समयज अनेको सामाजिक कुकतियाँ प्रचालित थी। समाज में चारों ओर हा-हाकार था। ऐसे समय में माँ सावित्री बाई फूले एक ज्योति बनकर आई जिन्होंने अपने पति के सहयोग से महिला शिक्षा की प्रथम पाठशाला खोली। माँ सावित्री को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका होने का गौरव प्राप्त हुआ। अध्यक्ष श्री उदय सिंह सैने ने नारी शिक्षा पर जोर देते हुये कहा कि जब तक नहीं पढ़ेगी नारी, नहीं सुधरेगी दशा हमारी। अत: हम सभी को अपनी बेटियों को अवश्य रूप से पढ़ाना चाहिये। विशिष्ठ अतिथि श्री जगदीश आर्य ने स्व रचित गीत "धरती मइया पे जब तक ये प्राणी रहे, माँ सावित्री तेरी कहानी रहे"। के माध्यम से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर समित अध्यक्ष श्री मानसिंह सैने ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन समिति संस्थापक श्री हरीसिंह सैने ने किया। इस अवसर पर जगदीश सैनी, नन्नूराम सैनी, मदन सैनी, राजवीर सैनी, रामचन्द्र, रोशन लाल, गिरीश, अनिल, जीतू सैनी आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**चूरू :** जिला स्टेडियम स्थित सैनी समाज के भवन में शुक्रवार को महात्माा ज्योतिबा फूले की पत्नी सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई गई। अध्यक्षता करते हुए महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान के अध्यक्ष शिवभगवान तंवर ने कहा कि सावित्री बाई फूले भारत की प्रथम महिला शिक्षक थी, जिन्होंने महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया। सैनी समाज के अध्यक्ष हरिप्रसाद सोनी ने कहा कि महिला शिक्षा को बढ़ावा देने आज के समय की जरूरत है। इस मौके पर पूर्व पार्षद सीताराम सैनी, कुरड़ाराम सैनी, डॉ. सुशील सैनी, ताराचंद तंवर, परमेश्वरलाल तंवर, बजरंग तंवर, परमेश्वरलाल तंवर, बजरंग खडोलिया, श्रवण सांखला, बजरंग तंवर आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार देवीदास हनुमान बगीची संस्थान की ओर से संस्था अध्यक्ष ओंकारमल सैनी की अध्यक्षता में जयंती पर संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डीके सैनी ने कहा कि देश में विपरित परिस्थितियों के बावजूद कठिनाइयों का सामना करते हुए सावित्री बाई ने महिला शिक्षा की अलख जगाई। इस मौके पर उपस्थितजनों ने सावित्री बाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में चानमणमल सैनी, बजरंगलाल सैनी, मदनलाल बालाण, सत्यनारायण भाटी, चंद्रमोहन तंवर, नरेन्द्र सैनी, महावीर प्रसाद खडोलिया, जीवणमल बबेरवाल, सांवरमल इंदोरिया व धनराज बालाण आदि उपस्थित थे।





**रतनगढ़ :** सैनी युवा मंडल के तत्वाधान में सैनी अतिथि भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर शुक्रवार को लगा। शिविर में 75 लोगों ने रक्तदान किया।

जयचंदलाल गौड़ की अध्यक्षता में हुए शिविर का उद्घाटन विधायक राजकुमार रिणवा व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा ने सावित्री बाई फूले व ज्योतिबा के चित्र के समक्ष दीप प्रच्जवलन कर किया। विशिष्ट अतिथि सैनी युवा मंडल के जिलाध्यक्ष सुभाष सिगोदिया, सैनी समाज अधिकारी व कर्मचारी संघ चूरू के चंद्रमोहन तंवर, सैनी समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश टाक थे। इस दौरान रिणवा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। कार्यक्रम को पालिकाध्यक्ष, मदनलाल कम्पा, अशोक सैनी ने भी संबोधित किया। सैनी युवा मंडल क अध्यक्ष पुरूषोत्तम इंदौरिया ने आभार व्यक्त किया। इसमौके पर गौरीशंकर खडोलिया, किशनलाल टाक, जसकरण गौड़, ओममनोहर स्वामी, दीपक स्वामी, शंकर कम्मा, किशन टाक सहित कई लोग उपस्थित थे।






**सवाई माधोपुर :** सैनी विकास संस्थान की ओर से सावित्री बाई फुले की जयंती आवासन मंडल स्थित सैनी छात्रावास में रामदयाल सैनी की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सवाई माधोपुर विधायक दीया कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ललित सिंह, रघुवीर सिंह, चंदन सिंह, अनिल सिंह, जगदीश सैनी, रामसिह आदि उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष भगवान माली ने बताया कि इस अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन पर चर्चा की गई।

वक्ताओं ने सावित्री बाई के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान दीया कुमारी ने कई लोगों का स्वागत किया। संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा दीया कुमारी का स्वागत किया गया। विधायक ने सैनी छात्रावास से आमली मोड तक सड़क निर्माण की घोषणा की।



**बीकानेर :** बीकानेर माली सैनिक क्षत्रिय सभा भवन गंगाशहर रोड में शुक्रवर को महात्मा ज्योतिबा फूले की पत्नी सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई। इस अवसर पर सभा भवन के अध्यक्ष तेज रतन भाटी ने सावित्री बाई फूले का जीवन परिचय दिया तथा उनके द्वारा किए गए कार्यो की जानकारी दी। गुलाब गहलोत ने महिला शिक्षा पर जोर देते हुए उपस्थित लोगों को सावित्री बाई फूले के आदर्शोको अपनाने का आह्वान किया। ओम भाटी व निर्मल गहलोत ने समाज दूर करने का संकल्प दिलवाया। दिनेश कच्छावा, ब्रह्मदेव गहलोत सहित उपस्थित लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा व सावित्री बाई फूले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रमोद गहलोत, बंटी गहलोत, देवकिशन गहलोत, गजेंद्र सिंह भाटी, कर्मचारी नेता रघुनाथ सिंह सोलंकी, बुलाडी देवड़ा आदि उपस्थित थे।

**चौथ का बरवाड़ा।** कस्ब में स्थित जोतिबा फूले विद्यालय में सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान के जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल सैं ने सावित्री बाई फूले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए महिला शिक्षा पर बल दिया। इस अवसर पर गणेश माली, बसंतीलाल सैनी, रमेशचंद, पूजा सुमन सैनी, टीकम चंद सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**पीपलवाड़ा।** राजपूत समाज की ओर से 5 जनवरी को जिला मुख्यालय स्थित एक होटल में होने वाले विधायकों के सम्मान समारोह के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति के सदस्यों ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर पीले चावल बांटे। आयोजन समिति के सदस्यें ने बताया कि दिलीप सिंह रवांजन चौड़, दिलीप सिंह, खिजूरी, भंवरसिंह रवांजना चौड़, पूरण सिंह आदि गांवों में पीले चावल बांटकर लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की।

**ब्यावर :** नारी मुक्ति आंदोलजन की प्रथम महिला क्रांतिकारी और देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई गई। सावित्री बाई फूले राष्ट्रीय जागृति मंच के तत्वावधान में कुमावत कॉलोनी में आयोजित जयंती समारोह में शामिल हुई महिलाओं ने सावित्री बाई के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। मंच की प्रदेश महासचिव शशि सोलंकी ने समारोह को संबोधित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। सावित्री बाई के जीवन से भारत की नारी का पथ प्रदर्शित करने, बालिका स्कूल और विधवा विवाह की शुरूआत करने जैसे सामाजिक सार्थक कार्यो से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। साथ उनके पद चिन्हों पर चल कर महिला जागृति क्षेत्र में दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या व बाल विवाह समेत महिला उत्पीड़न क्षेत्र में जागरूकता लाने संबंधी कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह में पुष्पा सिंगोदिया, शकुंतला सोलंकी, शारदा देवी ने भी विचार रखे।

**शाहपुरा:** कस्बे के वार्ड 6 वृन्दावन विहार कॉलानी में शुक्रवार को ऑल इंडिया युवा माली-सैनी सेवा समाज राजस्थान के प्रदेश मीडिया प्रभारी विजयपाल सेनी की अध्यक्षता में सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में सैनी ने सर्वप्रथम सावित्री बाई फुले की प्रमिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनको शत-शत नमन किया। सावित्री बाई फुले ने महिलाओं को शिक्षित करके उनको आगे लाने में उनका बहुत बड़ा योगदान है। सर्वप्रथम महाराष्ट्र एवं पुणे में फुले ने ही बालिका शिक्षा विद्यालय खोलकर बालिका शिक्षा के द्वार खोले थे।

उन्होंने बालका शिक्षा के साथ-साथ विधवा महिलाओं का पढ़ाने का कार्य भी किया था। उन्होंने महिलाओं के लिए जो सपने देखे थे वो आज पूरे हो रहे है,



आज महिला पुरूषों से आगे है। असका श्रेय सावित्री बाई फुले को ही जाता है। जिन्होंन अंधकार के समय में भी महिलाओं को शिक्षा की रोशनी दिखाकर सामाजिक बुराइयों को दूर किया। कार्यक्रम में अंत में ुल वितरित किए गये। इस अवसर पर नाथूलाल सैनी, बनवारी सैनी, हरिनारायण सैनी, भोमराज सैनी, अनिल सैनी, पुष्करराज शर्मा, गिरीश कुमार शर्मा, मामराज मीणा सहित कई युवा मौजूद थे।

**चौमू।** सेनी समाज सभा भवन में शुक्रवार को महात्मा ज्योति राव फुले संस्थान की ओर से भारती की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई। इस मौके पर एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान अध्यक्ष मदनलाल मालेरिया ने समाज के समग्र विकास के लिए नारी शिक्षा की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम में संस्थान संरक्षक प्रहलाद सहाय अधोप्या, सैनी समाज के तहसील अध्यक्ष मदनलाल सतरावला, उपाध्यक्ष ओमकार तंवर, मंत्री महेंद्र कुमार जमालपुरिया, देवराज इंदौरा, रामेशवर सिंगोदिया, कन्हैयालाल पापटवान, अर्जुन सिंगोदिया, मंगलचंद फड्या, डॉ. सोहनलाल, हनुमान सहाय सिंगोदिया, राधेश्याम तंवर, नानगराम सतरावला, छीतरमल, बाबूलाल, भभेवा, रामचंद्र फड्या, रामगोपाल सतरावला आदि मौजूद थे। रामपुरा-डाबड़ी। बांडी नदी बस स्टेंड के पास शुक्रवार को आमेर सरपंच परिषद अध्यक्ष पप्पू लाल सैनी की अध्यक्षता में सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई। इस मौके पर सैनी समाज के कई लोग मौजूद थे।

**जोहाता।** कस्बे सहित आसपादस के जयरामपुरा, चतरपुरा, खोराश्यामदास व नांगलसिरस के बैनाड़ गांव में शुक्रवार को सरपंच रामपाल सैनी के नेतृत्व में व राजावास में आमेर सरपंच परिषद अध्यक्ष पप्पू लाल सैनी की अध्यक्षता में श्री सावित्री फुले की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सैनी ने कहा कि हमें हमें ऐसे महापुरूषों के जीवन में प्रेरणा लेनी चाहिए।

**कोटपूतली:** एएसपी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने दान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति को अपनी नेक कमाई में से कुछ हिस्सा परमार्थ में लगाना चाहिए। यह परमार्थ मनुष्य को किसी ना किसी पुण्य के रूप में मिलता है। राठौड़ शुक्रवार को यहां कबीर मंदिर में श्री महात्मा ज्योतिबा फुले की 183वीं जयंती पर आयोजित कंबल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता महंत सुभाव दास महाराज ने की। विशिष्ट अतिथि सब रजिस्ट्रार पूरणसिह सोलंकी, बाबूलाल कसाना, किशनचंद बंसल, पूर्व एसडीएम बनवारीलाल बासनीवाल, महंत रामदास महाराज ने कार्यक्रम आयोजकों को साधुवाद का पात्र बताते हुए कहा कि ऐसे नेक कार्यो से प्रेरणा मिलती है। मंच के प्रदेशाध्यक्ष रामचंद्र सैनी ने संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आभार व्यक्त किया। समारोह में अतिथियों ने जरूरतमंद संत महात्माओं को कंबल वितरित किए। इससे पूर्व अतिथियों व मंच के पदाधिकारियों ने माता सावित्री देवी की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

# पोकरण व जैसलमेर में भी मनाई गई सावित्रीबाई फूले जयंति



जैसलमेर में सावित्री बाई फूले की जयंती पर उपस्थित समाजबंधु



पोकरण चिकित्सालय में फल वितरित करते माली युवा ब्रिगेड के सदस्य

## अजमेर में सैनी कोचिंग सैंटर का शुभारंभ

# समाज के छात्रों को नि:शुल्क शिक्षा के लिए सर्वोतम प्रयास– कच्छवाहा

दिनांक 19 जनवरी 2014 को ''सैनी कोचिंग सेन्टर'' के शुभारंभ के अवसर पर एक विशेष समारोह 9 नं. पेट्रोल भजन गंज-अजमेर में आयोजित किया गया, इस अवसर पर सर्वप्रथम माँ सरस्वती, ज्योति बा फुले व सावित्री बाई फूले की फोटो पर श्री उंकार राम कच्छावाह (मुख्य अतिथि) श्री हनुमान प्रसाद कच्छवा (अध्यक्ष) श्री सर्वेश्वर पालडियाँ (विशिष्ठ अतिथि) द्वारा माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात् समाज की नन्ही-मुनी बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई,

इस समारोह के मुख्य अतिथि- श्री उँकार राम कच्छवाह अध्यक्ष, अखिल भारतीय माली (सैनी) संस्थान-पुष्कर, अध्यक्ष श्री हनुमान प्रसाद कच्छवाह (पूर्व अध्यक्ष-अरबन को. बैंक) विशिष्ट अतिथि-सर्वेश्वर पालडियाँ का समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। समारोह में आये हुये सभी अतिथि नागरिको का स्वागत किया, समाज सेवी श्री राजेन्द्र दत्त मौर्य ने, जिन्होंने ''सैनी कोचिंग सेन्टर'' के लिये अपना भवन नि: शुल्क उपलब्ध करवाया हैं

''सैनी कोचिंग सैक्टर'' की विस्तृत जानकारी देते हुये श्री बी.सी. पंवार (पूर्व केन्द्र निदेशक आकाशवाणी जयपुर) ने कहाँ कि अजमेर कोचिंग कलासेज शुरू करने की समाज की मांग काफी लम्बे समय से थी, और समाज के प्रबुद्व व्यक्तियों द्वारा पिछले छ: माह से अलग-अलग स्तर पर दि. 22 दिसम्बर 2013, 5 जनवरी 2014 व दि. 11 जनवरी 2014 को बैठक कर विचार विमर्श किया गया, ''सैनी कोचिंग सेन्टर' खोलने का मुख्य उद्देश्य यह है कि सैनी समाज में शिक्षा के विस्तार के साथ नई सोच व समझ का विकास हुआ है, जिससे समाज के शिक्षित युवक-युवतियाँ समाज के विकास की धारा से जुडे है लेकिन युवाओं के सम्मुख एक बढ़ी समस्या है 'बेराजगारी' की, आज समाज के अच्छे पढ-लिखे युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे है परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण अच्छे प्रशिक्षण केन्द्र पर कोचिंग नहीं ले पा रहे है, अत: समाज ने इसी उद्देश्य को लेकर ''सैनी कोचिंग सेन्टर'' खोलने का निर्णय लिया, जहाँ समाज को पढ़े-लिखे युवक युवतियाँ नि:शुल्क प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त करने में समर्थ हो सकें। जोधपुर में सैनी समाज द्वारा वर्ष 1985 से बहु प्रतियोगी प्रशिक्षण केन्द्र चल रहा है, जहां से लगभग 2700-2800 बच्चे विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैको में व 300 बच्चे राज्य व केन्द्र सरकार के विभिन्न पदों पर नियुक्तियाँ प्राप्त कर चुके है, इसी तरह जयपुर में भी समाज द्वारा कोचिंग क्लासेज चल रही है वहाँ से भी लगभग 140 बच्चे 1 वर्ष की अवधि में विभिन्न बैंको में भर्ती हो चुके है, निकट भविष्य में बहुत ही जल्दी राष्ट्रीयकृत व व्यावसायिक बैंकों में लगभग एक लाख पदों की भर्ती निकलने वाली है निश्चित रूप से समाज के युवक-युवतियाँ इस कोचिंग सेन्टर से प्रशिक्षण प्राप्त करके बैंक की परीक्षा में सफल हो पायेगे। इस केन्द्र से अजमेर शहर ही नहीं आस-पास की तहसीलों से सैनी समाज के पढ़े-लिखे बेरोजगार युवा इससे लाभान्वित होगे। कोई भी संस्था केन्द्र समाज के आर्थिक सहयोग बिना नहीं चल सकता है, सैनी समाज के बुद्विजीवियों ने संकल्प लिया कि ''सैनी कोचिंग सेन्टर'' को किसी भी तरह से आर्थिक संकट नहीं आने दिया जायेगा, और सभी ने दिल-खोलकर निम्न प्रकार से आर्थिक सहयोग दने की घोषण की-



(1) श्री राजेन्द्र दत्त मौर्य- 5000 रू. प्रति माह (60000 रू. प्रतिवर्ष) (2) श्री शिव नारायण कच्छवा- 1000 रू. प्रतिमाह (12000 रू. प्रतिवर्ष) (3) श्री टीकम चंद टांक - 500 रू प्रतिमाह (6000 रू प्रतिवर्ष)(4)श्री कन्हैयालाल तंवर- 1000 रू. प्रतिमाह (12,000 रू. प्रतिवर्ष) (5) श्री भवानी राम गेहलोत- 1000 रू. प्रतिमाह (12,000 रू. प्रतिवर्ष) (6) श्री सुरेन्द्र सिंह चौहान-1000 रू. प्रतिमाह (12,000 रू. प्रतिवर्ष) (7) श्री बी.सी. पंवार-1100 रू. प्रतिमाह (13200 रू. प्रतिवर्ष) (8) श्री नौरत मल पालडियाँ- 500 रू. प्रतिमाह (6000 रू. प्रतिवर्ष) (9) श्री राजू माली- 1000 रू. प्रतिमाह (12000 रू. प्रतिवर्ष ) (10) श्री नौरतसिंह कच्छावाह- 2100 रू. मात्र (11) श्री बाबूराम सांखला- 1100 रू. मात्र (12) श्री प्रमोद कुमार मौर्य- 2400 रू. मात्र (13) श्री अनिल माहवर- 500 रू. प्रतिमाह (14) श्री दौलत कुमार गढ़वाल-500 रू. मात्र (15) श्री शोग भॉल पालडिया- 1000 रू. प्रतिमाह (16) श्री बंशीलाल कच्छावाह-100 रू. प्रतिमाह (17) श्री गंगा किशन तंवर-1000 रू. प्रतिमाह (18) श्री ऊकार राम कच्छवाह-5000/-प्रतिवर्ष (19) श्री हनुमान प्रसाद कच्छवा-

1 लाख एक हजार (6000 रू. प्रतिवर्ष) (20) श्री कैशल चौहान- 5100/-मात्र (21) श्री मांगीलाल भाटी (कालू) 5000/- मात्र।

इसके अलावा समाज के कुछ भामाशाओं में ''सैनी कोचिंग सेन्टर'' को कम्प्यूटर, फोटो स्टेट मशीन व LCD प्रोजेक्टर भी दान स्वरूप भेट किये है, जो निम्न प्रकार है- श्रीमती लालीबाई-एक कम्प्यूटर (1) श्री विजय कुमार सैनी- एक कम्प्यूटर (2) श्री टीकम चंद टांक- एक कम्प्यूटर (3) श्री मनोहरलाल भाटी- एक कम्प्यूटर (4) श्री भवानी राम गहलोत-एक कम्प्यूटर (5) श्री त्रिलोक चंद दूदौरा- एक कम्प्यूटर (6) श्री यौगेन्द्र टांक- एक कम्प्यूटर (7) सैनी कल्याण संस्था- एक कम्प्यूटर (8) डा. गोपाल सैनी (टोक) एक कम्प्यूटर (9) सैनी कोचिंग सैन्टर (संस्था)-चार कम्प्यूटर (@12250-) (10) श्री धमेन्द्र चौहान (RLY-Sec Eng.)- LCD- Projector (50,000/-) (11) श्री कुंज बिहारी पालडियाँ - फोटो स्टेट मशीन (97,000/-) इसके अलावा अन्य खर्च भी हुये जो इस प्रकार है- (1) फर्नीचर- 36000/- (20 सेट-60 बच्चों से बैठने हेतु) (2) कम्प्यूटर टेबल + चेयर- 20000/-(12 सेट) (3) नेट कंनक्शन- 3000/- (4) बोर्ड - 2300/-

इस तरह ''सैनी कोचिंग सेन्टर' में कम्प्यूटर कक्ष की स्थापना की गई, जिस में वर्तमान में 10 कम्प्यूटर स्थापित करके नेट से जोड़ दिया गया है, ताकि प्रशिक्षार्थी अपने आवेदन पत्र व परीक्षा ऑन-लाइन दे सकें, अध्ययन सामग्री की फोटो कॉपी उपलब्ध करवाने हेतु एक फोटो स्टेट मशीन भी सेन्टर पर स्थापित कर दी गई है। इस केन्द्र पर शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रवेश लेने से पूर्व अपना रजिस्ट्रेशन मात्र-1100रू. दे कर करवा सकते है, प्रशिक्षण पूर्णतय नि:शुल्क है, आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को समिति की उचित सिफारिश पर रजिस्ट्रेशन फीस में छूट दी जा सकती है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि-श्री उँकार राम कच्छवाह ने कहाँ कि मुझे खुशी है कि जोधपुर की दर्ज पर उस सेवा मंदिर (कोचिंग सेन्टर) का एक द्वार यहाँ खुला है। इससे निश्चित रूप से समाज के कमजोर वर्ग के युवक-युवतियों के लिये रोजगार प्राप्त करने व प्रशिक्षण प्राप्त करने में यह केन्द्र एक मील का पत्थर साबित होगा। और मैं कामना करता हूँ कि शिक्षित बेरोजगार समाज के युवा लोग इससे अवश्य लाभ उठायेगे। समारोह के अध्यक्ष-श्री हनुमान कच्छवा ने उपस्थित समाज बंधुओं को सम्बोधित करते हुये कहाँ कि समाज में आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक उत्थान के शिक्षित होना अति आवश्यक है, शिक्षा के विकास के लिये हमें हर समय प्रयत्न करते रहना चाहिये, विशेष रूप से नारी शिक्षा, क्यों कि समाज में अगर नारी शिक्षित होगी तो पूरा समाज शिक्षित हो जायेगा। बिना किसी भेद भाव के समाज में युवतियों की शिक्षा पर पूरा ध्यान देना चाहिये। इस समारोह के विशिष्ठ अतिथि डा. सर्वेश्वर पालडियाँ ने कहाँ कि समाज को युवाओं के उत्थान के लिये आगे आना चाहिये, तथा शिक्षा के विकास एवं प्रशिक्षण सेन्टर में सभी को सहयोग देने की अपील की। इस समारोह में अजमेर शहर ही नहीं, किशनगढ़ से सैनी विकास समिति, जोधपुर से सैनी संस्थान के पदाधिकारी, नागौर से भी सैनी विकास संस्थान के अधिकारी आदि ने भाग लिया। तथा आगे हुये समाज बंधुओं ने आर्थिक सहयोग की इस आहुति में एक लाख पचाय हजार की राशि प्राप्त हुई।

इस शुभारम्भ समारोह में आये हुयें सभी समाज बंधुओं, प्रेस, मीडिया आदि को धन्यवाद दिया श्री कुंज बिहारी पालडियाँ ने। तथा इस समारोह का संचालन किया श्री शिव नारायण कच्छवाह ने।














# समाज सेवी श्री रावतमल सैनी के निधन पर शोक की लहर

सरदार शहर। माली सैनी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं दानदाता श्री रावतमल सैनी का स्वर्गवास दिनांक 1 जनवरी, 2014 को हो गया। श्री रावतमल सैनी के निधन के समाचार मिलते है समाज में शोक की लहर छा गई। श्री रावतमल सैनी समाज के आधार संतभों में से एक थे। आपने समाज की अनेकों संस्थाओं को समय समय पर आर्थिक योगदान प्रदान किया था। आपका सरदार शहर में लकड़ी का व्यापार है। इसके अलावा जयपुर, बिकानेर, नई दिल्ली में शोरूम एवं फेक्ट्री है आप एक अच्छे निर्यातक भी है। आपके लकड़ी के हैण्डीक्राफ्ट आईटम की विदेशों में भी मांग है। श्री सैनी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ के गए है। आपके पुत्र श्री सिताराम सैनी एवं श्री शिवभगवान सैनी भी समाज सेवा के लिए हर समय तैयार रहते है। इसके अलावा भी दूसरे पुत्रों एवं परिवार के सदस्यों का समाज के हर कार्यक्रम में यथा संभव सहयोग रहता है।

आपके निधन पर समाज के अनेकों संगठनों एवं पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया। पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने श्री सैनी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्री सैनी सफल समाजसेवी, उद्योगपति होने के साथ ही माली सैनी समाज के अलावा जैन अणूवर्त समिति में भी अपनी सेवा एवं सहयोग के कारण विभिन्न पदों को सुशोभित करते रहे थे।

माली सैनी संदेश परिवार श्री रावतमल सैनी के निधन पर हार्दिक संवेदना प्रकट करते हुए उनके परिवार को इस दुखद घड़ी को सहन करने की परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है। श्री सैनी का स्नेह हमेशा हमें मिलता रहा था। हम उनके बतायें सेवा एवं सहयोग की भावना के मार्ग का पर चलने का प्रयास करते रहेगे।

# सैनी परिवार ने मृत्यु भोजन का किया बहिष्कार

फतेहपुर शेखावाटी (सीकर) निवासी स्व. श्री कूड़ाराम बागड़ी की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती देवी (85 वर्ष) का स्वर्गवास 29 दिसम्बर 2013 को हो गया तथा 30 दिसम्बर को उनकी अन्त्येष्टि हुई। मण्डावा रोड़ पर गौशाला के सामने राजकीय संस्कृत पाठशाला के पास के निवासी श्री कूड़ाराम का ठीक 5 वर्ष पूर्व 30 दिसम्बर को ही निधन हुआ था।

दिवंगता श्रीमती सरस्वती देवी के दो पुत्र हैं निरंजन लाल सैनी तथा मोहन लाल सैनी। इन दोनों के परिवार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़े हुए है। दोनों पुत्रों के परिवारों ने 12 दिनों में होने वाले प्रचालित अंधविश्वास पूर्ण कार्यकाण्डों को नहीं किया।

तीर्थ के दिन स्नान का कार्यक्रम नहीं किया। श्मशान में अस्थिचयन करकर उन्हें शिवालय में एक स्थान पर रखवा दिया, गंगाजी नहीं गये। दसवें, ग्यारहवें तथा बाहरवें के दिन ब्राह्मण पण्डितों द्वारा करवाये जाने वाले दशगाय, दूणी आदि कार्यकाण्ड नहीं करवाये। ग्यारहवें के दिन रात्रि जागरण नहीं करवाया। बारह दिन चली बैठकों में बीड़ी सिगरेट तम्बाकु-गांजु का प्रयोग नहीं हुआ। माइक नहीं लगाया। बारहवें दिन हवन, पूजा, सुखसेज दान, गौदान नहीं करवाया। रिश्तेदारों को द्वादरो की चिट्ठियां नहीं लिखी। परिवारजनों व आगन्तुक बहिन-बेटियों तथा निकटतम मेहमानों के लिए सामान्य 'ब्रह्मा भोजन' बनाय गया। उढावनी नहीं ली। बहिन बेटियों को वस्त्र दिये।

बारहदिन ब्रह्माकुमारी बहनों का नित्य सत्यसंग हुआ। गरूड़ पुराण का पाठ नहीं करवाया गया। बारहवें दिन ब्रह्माकुमारी बहिनों द्वारा 2 घन्टे सत्संग किया गया। ब्राह्मणों को नहीं जिमाया गया। यद्यपि इन कार्यक्रमों को लेकर कुछ लोग टीका-टिप्पणी करते रहे पर दोनों भाइयों ने पुरानी रूढ़ियों को मजबूती से तोड़कर, सुधार का अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय कार्य किया है।

# माली जाति को टिकट नहीं मिला तो रणनीति जय करेगा समाज



जालोर। महात्मा ज्योति बा फूले जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोतीलाल फूले ने कहा कि राजस्थान में सबसे अधिक सीटों को प्रभावित करने में माली सैनी समाज अपनी अहम भूमिका निभाता है। इस बार मंच के माध्यम से भाजपा से राजस्थान में दो टिकट माली सैनी समाज के व्यक्तियों को देने की मांग की जाएगी।

फूले ने कहा कि इस बार समाज पूर्वी एवं पश्चिमी राजस्थान से जालोर सिरोही लोकसभा सीट से माली समाज के व्यक्ति को टिकट देने की मांग की है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यदि भाजपा माली समाज के व्यक्ति को लोकसभा चुनावों में टिकट नहीं देती है तो समाज इस बार रणनीति तय करेगा। इसके लिए पूरे समाज की सहमति के बाद चुनावी रणनीति लागू की जायेगी ।

जिसमें समाज के सभी वर्गों से राय मशवरा कर समाज अपना निर्णय लेगा।

## परिचय नव निर्वाचित विधायक

## श्री पूरणमल सैनी, खेतड़ी (झुंझुनू)

| | |
|---|---|
| नाम | : श्री पूरण मल सैनी आयु- 41 वर्ष |
| गौत्र | : किरोड़ीवाल |
| पिता का नाम | : श्री ग्यारसी लाल सैनी |
| निवास | : ग्राम प्रतिभावनगर पो. गाडराटा तहसील खेतड़ी जिला-झुंझुनू |
| पिन | : 333501 |
| सम्पर्क | : मो. 9928075294 |
| शिक्षा | : एम.एम.बी.एड। |


**एम.ए. सन् 2000 में नीम का थाना से उपलब्धियाँ-**

- सन 2000 में एम.ए. फाइनल में अध्ययन रहते हुए गाडराटा पंचायत के सरपंच चुने गये।
- सन् 2005 में ओ.बी.सी. महिला कोटा से गाडराटा पंचायत से आपकी धर्मपत्नी श्रीमती संतोषदेवी सरपंच बनीं।
- सन् 2000 में ग्राम सेवा सहकार समिति बबाई के अध्यक्ष चुने गये।
- सन् 2009 में आप केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. झुंझुनु जिला कमेटी के उपाध्यक्ष चुने गये।
- सन् 2010 में अपने खेतड़ी में क्रय विक्रय सहकारी समिति खुलवाई तथा इसके चेयर मैन बने।
- सन् 2008 में अपने बसपा से खेतड़ी विधान सभा का चुनाव लड़ा, 1875 मत प्राप्त किये और तिसरे नम्बर पर रहे।
- विधान सभा चुनाव 2013 में बसपा के टिकिट पर चुनाव लड़कर कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे श्री जितेन्द्र सिंह तथा भाजपा से टक्कर लेकर विजय श्री प्राप्त की।


प्रमोद गहलोत
शेरसिंह गहलोत

गहलोत एजेन्सीज

(M) 9414766560
876999111




हमारे यहां पर सभी प्रकार के गैस के चुल्हे, भट्टियां, पेट्रोमेक्स, लेम्प व स्टोव लाईटर, गैस गीजर, चिमनी, कुकर, मिक्सी, इलेक्ट्रीक एवं किचन संबंधित आईटम व इनके पार्ट्स होलसेल रेट में बेचे व रिपेयर किये जाते है।

दुकान नं. 35- 36 ई, काम्पलेक्स, चाँदसा तकिया मार्केट, सोजती गेट, जोधपुर




INALSA Home Appliances
BAJAJ Electric
Surya flame
Sunflame
PKL Limited

# एक शाम गुरु भगवती मां के नाम भजन संध्या मं देर रात तक झूमें श्रद्धालु




बालोतरा। पचपदरा कस्बे के वृंदावन धाम भगवती आश्रम में गुरू भगवती मां की पंचम बरसी महोत्सव के उपलक्ष में माली समाज बालोतरा द्वारा शनिवार रात्रि में एक शाम मां भगवती के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या का आगाज भजन गायक अशोक प्रजापत ने गणपति वंदना में थाने सिंवरू गणपत देवा से किया। प्रजापत ने गुरू महिमा एकण बार आईजों गुरूजी बारंबार आईजों ..,सतगुरू आवीयां म्हारें हिवड़े उठी रे हिलोर.., के साथ अनेक भजनों की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया।

ख्यातिनाम भजन गायक प्रकाश माली ने गुरू महिमा के साथ कृष्ण भगवान के जीवन पर आधारित कई भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन गायक श्याम पालीवाल ने सांवरिया थारा नाम हजार किसे लिखूं मैं ककु पत्री..,नाम जपवा में सुख भारी.., सहित अनेक भजनों की प्रस्तुतिया दी। जबराराम पंवार ने भी कानुड़ा के भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से देर रात तक समां बांधें रखा। इससे पूर्व पांचवी बरसी को लेकर श्रद्धालुओं ने गुरू मां भगवती की समाधी पर पुष्पाजंलि अर्पित की तथा महाआरती के साथ श्रद्धालुओं में प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर जयप्रकाश कोठारी,समाजसेवी खेताराम पंवार,अचलसिंह राजपुरोहित,डूंगरचंद माली,समाजसेवी वासुदेव गहलोत,प्रेम पंवार,पुखराज घांची,समाजसेवी मोहम्मद युसफ भांतगर,रावताराम माली,गोपाल माली,श्याम खारवाल,श्याम सुंदेशा,सहदेव खारवाल,दिनेश माली,भंवरदास वैष्णव,गौतम गहलोत सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

# श्री प्रभुलाल सैनी के केबिनेट मंत्री पर बननें पर समाज में खुशी की लहर



बालोतरा। राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे के मंत्री मण्डल में उर्जावान, कर्मठ एवं दिग्गज भाजपा विधायक प्रभुलाल सैनी को बेबिनेट मंत्री बनाने पर माली समाज के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांधीपुरा माली समाज भवन के आगे पटाखे एवं मिठाईयां बांटकर एक दूसरों को बधाई दी। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति महेश बी चौहान ने कहा कि प्रभुलाल सैनी को केबिनेट मंत्री बनाकर माली समाज का मान बढाया है। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष शंकरलाल गहलोत, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष भोमाराम पंवार, पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा नगर मण्डल अमराराम सुन्देशा, अमराराम सुन्देशा, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मण गहलोत, युवा पार्षद नैनाराम सुन्देशा, त्रिलोक माली, नरपत क%छवाह, ओम प्रकाश गहलोत, ललित चौहान, कुलदीप पंवार, रणजीत पंवार, मंगलाराम सुन्देशा, बाबुलाल सुन्देशा, चुन्नीलाल पंवार, लालाराम, मोहनलाल पंवार सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई देकर मुंह मीठा करवाया।

उज्जैन में आयोजित परिचय समेल्लन में 200 युवक युवतियों ने दिया परिचय

# मैं बीएससी, वर चाहिए एमएससी





उज्जैन। मैं बीएससी हूं तो मेरे पति कम से कम एमएससी तो हों ही। सुंदरता मायने नहीं रखती पर जोडी बेमेल न हो। कुछ ऐसे ही विचारों के साथ युवतियों ने अपनी शिक्षा और भावी वर में चाही जाने वाली योग्यता मंच से बयां की। मौका था क्षत्रिय मारवाडी माली समाज के युवक-युवतियों के परियच सम्मेलन का। आयोजन उर्दूपुरा स्थित कृष्णा गार्डन में हुआ।

क्षत्रिय मारवाडी माली महासभा द्वारा आयोजित अखिल भारती स्तरीय परिचय सम्मेलन में करीब 200 युवक-युवतियों अभिभावकों के साथ शामिल हुए। कुछ ने हिचकिचाते हुए मंच से अपना परिचय दिया तो कुछ ने आत्मविश्वास के साथ। कुछ युवततियों ने यह भी कहा कि मैं शासकीय नौकरी कर रही तो चाहूंगी पति भी शासकीय नौकरी में हो या कोई बिजनेसमैन। युवतियों ने यह भी कहा कि रिश्तों में सुंदरता से ज्यादा सीरत और संस्कार मायने रखते है। युवकों ने भी अपने भावी जीवन साथी की योग्यताएं बयां की। मंच से लेकर परिसर तक युवक-युवतियों की निगाहें अपना भावी जीवन साथी तलाशती रही।

इस अवसर पर समिति द्वार बेबाक अपना परियच देने वाली कु. सरिता गेहलोत को 1000/- रूपये का पुरूस्कार प्रदान किया गया। परिचय सम्मेलन शाम 5 बजे तक चलता रहा। परिचय सम्मेलन में मप्र, छत्तीसगढ़, आंधप्रदेश, महाराष्ट, राजस्थान आदि प्रदेशों से समाजबंधु बड़ी संख्या में आये थे। इस अवसर पर समाज की बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। परिचय सम्मेलन में ऐसे अनेक लोग भी आये जिनके पढ़े-लिखे बच्चे-बच्चियों का संबंध नहीं हुआ ओर ऐसे व्यक्ति समाज के परिचय सम्मेलन में प्रविष्टि देने से बचते रहे। वही व्यक्ति सब से ज्यादा लडके-लडकी देखते हुए दिखे। परिचय सम्मेलन के संयोजक श्री प्रविष भाटी, पवन भाटी, सुनील परिहार, धर्मेन्द्र सांखला, महेन्द्र कछावा, धर्मवीर भाटी, संजू जादम, सोनू तंवर, योगेश भाटी, चिराग कछावा, पवन दग्दी, श्रीमती प्रमिभा मारोठिया ने मंच व्यवस्था आदि ने मंच व्यवस्था की। इसी प्रकार प्रविष्टि पंजीयन के लिए श्री सुरेशचंद्र गेहलोत, प्यारेलाल कछावा, श्री हरीश भाटी, श्री सत्यनारायण वैरागी, श्री मोहन पंवार, श्री सत्येन्द्र मारोठिया का सराहनीय सहयोग रहा।





# सावित्री बाई फुले की 184वीं जंयति पर शतः शतः नमन



## भारत की प्रथम महिला शिक्षिका
# माता सावित्री बाई फुले
### संक्षिप्त जीवन परिचय

| | |
|---|---|
| सावित्री बाई फुले का जन्म( नायेगांव तह. खण्डाला जि. सतारा)पिता श्री खांडोजी एवं माता श्रीमती लक्ष्मी | 3 जनवरी, 1831 |
| महात्मा ज्योति बा फूले के साथ विवाह | 1840 |
| पढ़ाई की शुरूआत | 1841 |
| कक्षा चौथी तथा पांचवी की परिक्षा साधारण विद्यालय से उत्तीण | 1846 |
| शगुना बाई के साथ विद्यालय का शुभारंभ माहरबाड़ा में | 1847 |
| भारत की प्रथम बालिका विद्यालय का शुभारंभ भिण्डेवाड़ा पुणे में तथा श्रीमती सावित्री बाई फुले प्रथम प्रधानाध्यियापिका मनोनित | 1 जनवरी, 1848 |
| बड़े बच्चों के लिए पुणे के उस्मान शेख वाड़ा में विद्यालय का शुभारंभ तथा घर का त्याग कर शुद और अतिशुदों को शिक्षा देने के लिए महात्मा ज्योति बा फुले के साथ निकली | 1849 |
| प्रथम नागरिक तिल गुड़ कार्यक्रम महिला सेवा मण्डल द्वारा आयोजित | 14 जनवरी, 1852 |
| फुले दम्पति को ब्रिटिश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में किये गये कार्यो पर सम्मानित किया तथा श्रीमती सावित्री बाई फुले को सवश्रेष्ठ शिक्षिका के पुरस्कार से सम्मानित किया | 16 नवम्बर, 1852 |
| गृभवती महिलाओं के लिए भारत के प्रथम शिशुहत्या नि:षेध गृह (भ्रुण हत्या को समाप्त करने के लिए) का शुभारंभ | 28 जनवरी, 1853 |
| मेजर केण्डी के चेयरमेनशिप के अंतगृत श्रीमती सावित्री बाई फुले को सम्मानित किया गया | 12 फरवरी, 1853 |
| कविताओं के पहले संकलन ''काव्य फुले'' का प्रकाशन | 1854 |
| किसानों एवं दिहाड़ी मजदूरों के लिए भारत का पहला सांयकालीन विद्यालय का शुभारंभ | 1855 |
| ''महात्मा ज्योति बा फुले के विचार'' का प्रकाशन | 25 दिसम्बर, 1856 |
| अनाथालय का शुभारंभ | 1863 |
| अपने घर का कुंआ पानी के लिए शुदों एवं अतिशुदों के लिए खोला | 1868 |
| विधवा ब्राह्मणी काशीबाई के पुत्र को गोद लिया | 1874 |
| फैमिन के महत्वपूर्ण कार्य का शुभारंभ करने के साथ ही महाराष्ट्र में 52 नि:शुल्क भोजनशालाओं का शुभारंभ | 1876 से 1877 |
| गौद लिए बच्चे डॉ. यशवंत का विवाह सांसी की लड़की के साथ कर अदम्य साहस का परिचय दिया | 4 फरवरी, 1889 |
| महात्मा ज्योति बा फुले का देहान्त | 28 नवम्बर, 1890 |
| सावड़ में आयोजित सत्य शोधक समाज की प्रथम महिला अध्यक्षा नियुक्त | 1893 |
| दोबारा फैमिन के कार्य प्रारंभ किये जिसके कारण महाराष्ट्र सरकार को सहायता शिविर प्रारंभ करने पड़े | 1896 |
| पुणे में फ्लेग की महामारी में अनेकों सहायता शिविर लगाए | 1897 |
| पुणे में फ्लेग की महामारी में लगाए गए कैपों में पीड़ित की सेवा करते हुए देवलोक गमन हुई | 10 मार्च, 1897 |
| महाराष्ट्र सरकार द्वारा शताब्दी वर्ष मना कर भारत सरकार ने सम्मान अर्पित किया | 10 मार्च 97 से 1998 |
| भारत सरकार द्वारा सावित्री बाई फुले का डाक टिकट प्रकाशित कर उन्हें सम्मान दिया | 10 मार्च,98 |

**The world is better place because of the Presence of Women - Mother, Sister, Daughter Friend or Wife No matter What their role. They Add meaning of our existence. They bring Love into Our Life So Please**

# RESPECT HER

**अर्थ :**

दुनियां बेहतर है क्योंकि यह जगह महिलाओं की मौजूदगी से है - माँ, बहन, बेटी, दोस्त या पत्नी कोई फर्क नहीं पड़ता उनकी क्या भूमिका है वे हमारे जीवन की दाता है, उनसे ही हमारे जीवन में प्यार है अत: आप सभी से निवेदन है कि

# महिलाओं को सम्मान दें

## महासभा ने किया पंचायतों के अध्यक्षों को सम्मानित

# दान देने वालों की कमी नहीं लेना वाला चाहिए- श्री ऊँकारराम कच्छवाह

**राजस्थान के समाजसेवियों ने उज्जैन में की 1 लाख रूपए की घोषणा**



उज्जैन । समाज यदि जागृति होगा तो किसी भी क्षेत्र में कार्य के लिये समाज में धन की कमी नहीं आयेगी। समाज देने के लिए बैठा है सिर्फ लेने वाले की कमी है। यदि हम समाज के बीच अच्छे कार्य करेगे तो निश्चित ही उसके परिणाम अच्छे आयेगे। महाकाल की नगरी में समाजसेवी, भामाशाह श्री ऊंकारामजी कच्छवाह, अध्यक्ष अखिल भारतीय माली समाज पुष्कर धर्मशाल ने मुख्य अतिथि के रूप में म.त्र. मारवाडी माली समाज महासभा के सामाजिक जागृति सम्मेलन उक्त उद्गार में व्यक्त किएं आपने कहां कि हमने शासन से करोड़ों की भूमि पुष्कर में प्राप्त की है। उज्जैन तीर्थ स्थल है जिस प्रकार पुष्कर, हरिद्वार में समाज की धर्मशाला भामाशाहों ने बनाई वैसा ही भवन यहां भी बने मैं अपनी ओर से 51,000/- हजार रूपये देने, की घोषणा करता हूं ओर अन्य भामाशाहों को भी मैं प्रेरित करूगा कि उज्जैन में बारह वर्षो में लगने वाला महाकुंभ में यहां हजारों की संख्या में समाजजन यहां आता है इसलिये यहां भी सहयोग करें। विशेष अतिथि के रूप में जोधपुर के भामाशाह भी भगवासिंहजी कच्छवाहा ने अपनी बात को रखते हुए कहा कि राजस्थान में भामाशाहों की कमी नहीं है ओर वे समाज के उत्थान के लिए हमेशा अगे आये है। मैं अपनी ओर से भी उज्जैन में भव्य भवन बने इसके लिए 51,000/- रूपये की घोषणा करता हूं और आप समाज बंधुओं ने हमें जो सम्मान दिया है उसे हम जीवन भर नहीं भूलेगे। नागौर जिले के खींवसर निवासी समाजसेवी श्री सत्यनारायणजी तंवर ने कहा कि यदि समाज बंधु चाहे तो क्या नहीं हो सकता। सिर्फ दृढ़ इच्छा शक्ति चाहिए। आपने बताया कि मैं म.प्र. में खण्डवा जिले में समाज के सहयोग से नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन बसंत पंचमी को करने का प्रयास कर रहा हूं जिसमें आप सभी सहयोग प्रदान करें। ग्वालियर समाज के अध्यक्ष श्री अनिल सांखला ने कहा कि यदि हम संगठित होगे तो निश्चित हम समाज विकास कर सकते हैं । हमारे यहां हम समाज की संख्या बहुत कम है फिर भी अच्छा भवन बनाकर अच्छा विकास कर रहे है। श्री प्रदीप भाटी ने कहाकि महासभा को चलाने के लिये आर्थिक मदद की बहुत आवश्यकता है यदि आर्थिक मदद नहीं होगी तो हम समाज को आगे नहीं बढ़ा सकते। मेरा सभी समाज बंधुओं से निवेदन है कि वे महासभा को सहयोग जरूर प्रदान करें। सम्मेलन की अध्यक्षता श्री गजानद भाटी प्रदेशाध्यक्ष ने करते हुए अपने अध्क्षीय उद्बोधन में कहा कि महासभा समाज की संस्कृति के अनुरूप समाज में कार्य कर रही है। आज इसी का परिणाम है कि हम पांच वर्षो से अच्छे कार्य कर रहे हैं। अब हम सभी समाज बंधुओं को शिक्षा जागृति के लिये सामुहिक प्रयास करना पढ़ेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं औकारेश्वर धर्मशाला के अध्यक्ष श्री प्रेमनारायण भाटी ने कार्यप्रगति की जानकारी दी। समन्वयक श्री सत्यनारायण कछावा ने महासभा के कार्यो पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण के कार्यो पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण श्री रमेशचंद्र गेहलोत बैंकवाले ने दिया।

इस अवसर पर समाज की पंचायतों के अध्यक्ष द्वय सर्वश्री ओमप्रकाश, सांखला (इन्दौर), रमेशचन्द्रजी गेहलोत (उज्जैन), जगदीशजी परिहार (रतलाम), मानसिंह गेहलोत (नीमच), प्रदीप भाटी (मन्दसौर), नारायण चौहान (नागदा), शिवनारायण भाटी (बडनगर), बालुमुकुंन्द पंवार (तेलीखेडा) प्रहलाद गेहलोत (डींगरगांव), रमेशचंद गेहलोत (खुर्दी मानपुर), राजाराम परिहार (बडवानी), दयाशंकर तंवर (हाटपीपल्या,) बाबुलाल भाटी (बागली), पवन टांक (खातेगांव), प्रेमनारायण भटी (हरदा), सी.एल पंवार (टिमरनी), ओमप्रकाश सोलंकी (सोडलपुर), उमाशंकर भाटी (मनियाखेडी), राजकुमार सांखला (पान तलाई), अशोक भाटी (नसरूल्लागंज), राजकिशन भाटी (खिरकिया), गोकुलप्रसाद चौहान (पलानी पाल), रामचन्द्र भाटी (कोठा खालवा), रमेशचन्द्र भाटी (पलसूद), रमेशचंद्र बागडी (टेमागांव), नरेन्द्र भाटी (बालागांव) का साफा पहनाकर सम्मान किया गया ।

इस अवसर पर श्रीमती कमला कच्छावाह जोधपुर का सम्मान महिला मण्डल ने किया। कार्यक्रम में टेन्ट एवं लाईट व्यवस्था के लिए श्री मंगल कछावा एवं श्री सुभाष गेहलोत एवं रसोई कार्य सहयोग करने पर हेतु श्री कान्हा जादम को सम्मानित किया गया । संचालन चंदन माल ने किया आभार मंगल कछावा ने माला। सम्मेलन में समाजबंधुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

**समाज के प्रतिभाशाली भी हुए सम्मानित**

इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान आयोजित किया गया जिसमें समाज के प्रतिभाशालों छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। संयोजक श्री किशोर कुमार भाटी ने बताया कि 31 प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। खेलकूद में अच्छा प्रदर्शन करने वालें बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

**दिनेश माली का जमा जागरण में समाज ने लिया आनंद**

महासभा द्वारा आयोजित 24 दिसम्बर को कृष्णा गार्डन उर्दूपुरा में भव्य बाबा रामदेव भगवान का जम्मा जागरण कार्यक्रम में नागौर के प्रसिध्द भजन गायन श्री दिनेश माली ने बाबा के भजनों से सभी समाजजनों का मन जीत लिया। रात्रि 3 बजे तक कड-कडाती ठंड के बीच समाज की माता एवं बहने आनंद लेती रही। कार्यक्रम के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है।

**विदेश यात्रा पर जाने पर सोलंकी का सम्मान किया**

भूपेन्द्र सोलंकी सीए का चयन हालेन्ड की एक कम्पनी में चयन होने पर महासभा द्वारा उनका सम्मान किया गया। वे इसी माह जाने वाले है। उन्हें सभी युवाओं ने बधाई दी ओर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विभिन्न समाचार

## प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन

**सीमित खर्च में रस्में, पूरी होगी सोरी।**
**हिन्डोन सिटी में सम्मेलन होने जा रहा भारी''**

सैनी समाज विकास एवं सेवा समिति, हिन्डौन सिटी जिला करौली (राज.) द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन दिनांक 14 मई 2014 को हिन्डौन सिटी जिला करौली में होना तय किया गया है।

अत: विवाह में होन वाले अनावयक खर्चो से बचने के लिये आप अपने विवाह योग्य पुत्र-पुत्रियों का विवाह सम्मेलन में करने के लिए निम्न मोबाईल नम्बरों पर सम्पर्क करें।

अध्यक्ष:- शिवकुमार सैनी, मो. 9414400811
महामन्त्री:- प्रभूलाल सैनी, मो. 9783501203
कोषाध्यक्ष:- गोपाल लाल सैनी, मो. 9661458131

## नववर्ष अभिनन्दन समारोह

श्रीमाधोपुर (सीकर ) महात्मा गांधी पी.जी. कॉलेज में नववर्ष अभिनन्द समारोह मनाया गया। समारोह का शुभारी कॉलेज प्राचार्य डॉ. बी.के.सैनी तथा निदेशक मोहरसिंह खर्रा ने दीप प्रज्वल से किया। छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। नृत्य प्रतियोगिता में छात्रा सविता सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## कृषि मंत्री सैनी को मिल गया बंगला तथा सचिव

जयपुर। राजस्थान सरकार के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी को सिविल लाइंस में बंगला नं. 47 अलॉट किया गया हैं। इस प्रकार राज्य सरकार ने आर ए एस डी.पी. गुप्ता को कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी का विशिष्ट सहायक लगाया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी किया हैं

## डा. भाटी ने अमेरिका शिक्षाविद का किया स्वागत

लाडनूँ (नागौर) स्थित जैन विश्व भारती संस्थान विश्वविद्यालय का अमरीकी शिक्षाविद विद्वान प्रो. माईकल बने एली ने अवलोकन किया और यहाँ की शिक्षण व्यवस्था की प्रशंसा की।

संस्थान के जनसंपर्क समन्वयक डॉ. वीरेन्द्र भाटी 'मंगल' ने अमेरिकन विद्वान को संस्थान का प्रचार साहित्य भेंट किया और यहाँ की गतिविधियों का परिचय दिया।

## पाचवां सामूहिक विवाह सम्मेलन

फिजूल खर्ची बंद करे, अपनी संतान पढावे जो,
न उस पर कर्ज की मार पड़े, विवाह सम्मेलन में करावे जो।

गत वर्षो भाँति इस वर्ष भी शहर भरतपुर में ''माँ सवित्री बाई फूले महात्मा ज्योतिराव फूले नवयुवक समाजसेवी समिति, सूरज पोल, भरतपुर (राज.) मे पाँचवा सामूहिक विवाह आगामी 7 मार्च 2014 को आयोजित होने जा रहा है।

अत: समाज बन्धु अपने विवाह योग्य पुत्र-पुत्रियों का विवाह सामूहिक विवाह सम्मेलन में कराने हेतु निम्न मोबाईल निम्बरों पर सम्पर्क करें।

अध्यक्ष:- मानसिंह सैनी, मो. 9887615676
सचिव- जितेन्द्र सैनी-9887002401
मन्त्री- अनूपसिंह फोजी-9352426228
कोषाध्यक्ष:- जगदीश सैनी मो. 9413242591

## श्री महेन्द्रकुमार परिहार बने जिला सचिव



पाली। महात्मा ज्योति बा फुले जागृति मंच के अध्यक्ष श्री मिश्रीलाल सोलंकी ने महेन्द्र कुमार पुत्र श्री छगनलाल परिहार को पाली जिला सचिव नियुक्त किया। श्री मिश्रीलाल सोलंकी ने कहा कि महेन्द्र कुमार मंच के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संगठन में सेवा देकर मंच को मजबुती दिलानें के साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता कर समाज सेवा में हर संभव प्रयास करेगें।

माली सैनी संदेश परिवार श्री महेन्द्र कुमार परिहार को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके नेतृत्व में संस्था एवं समाज में आयोजित होने वाली जनकल्याण के कार्यो में सक्रिय रहने की मंगल कामना करता है।

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची


श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर(पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपाध्यक्ष, नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मंडल महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री श्यामलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली, (पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल पुत्र श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़

# माली सैनी सन्देश

## ही क्यों ?








**क्योंकि**


हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योंकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।








## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी।








**RATES**

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |


write us : P. O. Box 09, Jodhpur


Cell : 94144 75464, 92140 75464

log on : www.malisainisandesh.com

e-mail : malisainisandesh@gmail.com

e-mail : editor@malisaini.org








**क्योंकि सच्चा सफर कभी समाप्त नहीं होता . . .**

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



समाजसेवी एवं उद्योगपति

# स्व. श्री रावतमल जी सैनी

के आकस्मिक निधन हो जाने पर
माली सैनी सन्देश परिवार अश्रुपूरित श्रद्धांजलि
अर्पित करता है।



हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

भारतीय जनता पार्टी के
उपाध्यक्ष बनने पर

# श्री ताराचंद देवड़ा

का माली समाज वेलफेयर सोसायटी
के अध्यक्ष श्री रघुभाई माली
साफा पहना कर स्वागत करते हुए

RAJHIN 16445/20/1/2013-TC



# हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

# श्री रमेशचंद्र कच्छवाहा

के जोधपुर विकास प्राधिकरण ठेकेदार संघ
के निर्विरोध
अध्यक्ष निर्वाचित होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

शुभेच्छु :

## माली सैनी संदेश परिवार

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं संपादक मनीष गहलोत के लिए
मुद्रक यशवंत भण्डारी द्वारा भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से मुद्रित एवं माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR



log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org